कार्यालय पुलिस उपायुक्त, जोधपुर पूर्व

।। प्रेस नोट।।

<u>दिनांक 18.03.2022</u>

- स्थाई/मफरूर वांरटियों के विरूद्ध जिला जोधपुर पूर्व की संयुक्त कार्यवाही
- लगभग 300 पुलिसकर्मियों द्वारा 46 टीमें बनाकर 364 स्थाई/मफरूर वारटियों के घरों पर अल सुबह एक साथ दबिश दी गई।
- दबिश के दौरान 70 वारंटियो अर्थात 35 स्थाई वांरटियों व 35 गिरफ्तार वांरटियों को गिरफ्तार किया जाकर निस्तारण किया गया

➢ **कार्यवाही पुलिसः–** पुलिस मुख्यालय द्वारा स्थाई/मफरूर वांरटियों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत पुलिस आयुक्त श्री रविदत्त गौड़ आईपीएस के सुपरविजन में मन् पुलिस उपायुक्त श्रीमती डॉ अमृता दुहन आईपीएस के निकट निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री नाजिम अली आरपीएस, श्री निशान्त भारद्वाज आरपीएस व श्री विक्रमसिंह भाटी आरपीएस, श्री राजेन्द्र प्रसाद दिवाकर आरपीएस सहायक पुलिस आयुक्त वृत मण्डोर, श्री देरावरसिंह आरपीएस सहायक पुलिस आयुक्त वृत पूर्व, श्री लाभूराम आरपीएस सहायक पुलिस आयुक्त वृत केन्द्रीय, श्री उम्मेदसिंह आरपीएस सहायक पुलिस आयुक्त प्रोटोकॉल तथा कार्यालय स्टाफ एवं जिला जोधपुर पूर्व के समस्त थानाधिकारी मय स्टाफ व शक्ति टीम द्वारा आज दिनांक 18.03.2023 को एक्शन प्लान के मुताबिक लगभग 300 पुलिसकर्मियों द्वारा 46 टीमें बनाकर 364 वांरटियो के घरों पर अल सुबह एक साथ दबिश दी गई। सर्कल स्तर पर यथा वृत मण्डोर में 70 वृत पूर्व में 146 व वृत केन्द्रीय में 148 वांरटियो के घरों पर दबिश देकर एक साथ कार्यवाही करते हुए उनके घरों की सघन तलाशी ली गई। दबिश के दौरान वृत मण्डोर में 5 स्थाई वांरटियो व 26 गिरफ्तारी वारटियों, वृत पूर्व में 13 स्थाई वांरटियो व 06 गिरफ्तारी वांरटियों तथा वृत केन्द्रीय में 17 स्थाई वांरटियो व 3 गिरफ्तारी वांरटियों को गिरफ्तार किया गया।

- पुलिस थाना मण्डोर में मु0न0 291/2022 धारा 8/15 एन.डी.पी.एस. एक्ट में वांछित श्री रिन्कु उर्फ शिव पुत्र श्री हरिसिह जाति माली निवासी परिहारों का बास पुलिस थाना माता का थान जोधपुर को गिरफ्तार किया गया।
- मु0न0 39/2023 धारा 19/54 आबकारी अधनियम में वांछित सतीश पुत्र श्री दिनेश जाति माली निवासी पुनीत नगर पुलिस थाना मंडोर जोधपुर को गिरफ्तार किया गया।

नोटः दिनांक 01.03.2023 से आज दिनांक तक 67 स्थाई वांरटियों व 68 गिरफ्तारी वारण्टों का निस्तारण किया गया।

पुलिस उपायुक्त
जोधपुर पूर्व